लिए हुए था। इसको ध्यान में रखकर विभिन्न सुझाव दिए। डर का माहौल है।

ठगी से बचने के लिए साइबर जनजागरूकता

भास्कर न्यूज़ | बारामती

विद्या प्रतिष्ठान के आर्ट्स, कॉमर्स एवं विज्ञान महाविद्यालय और क्विक हील फाउंडेशन की ओर से संयुक्त रूप से शुरु किए साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने लाड़ली बहना जैसी योजना में ठगी से बचने की जानकारी दी। इसके साथ ही कुछ योजनाओं में भी साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूकता की गई। साइबर हमलों से कैसे बचा जाए, इसको लेकर जानकरी दी गई। सुभद्रा मॉल में हुए इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग उपस्थित थे। उपक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ भरत शिंदे ने किया। अक्षय भोसले ने शिक्षक समन्वयक के रूप में काम किया। उपक्रम को सफल बनाने के लिए महेश पवार, विशाल शिंदे, अनिल कालोखे, पूनम गुंजवटे, वैशाली पेंढारकर, शुभांगी निकम, अक्षय शिंदे ने विशेष प्रयास किए।